## अभ्यास

### मौखिक

- (क) इसका उत्तर बच्चे अपनी इच्छा से देंगे– हाँ, मैंने खिचड़ी खाई है। इसका स्वाद सादा लेकिन स्वादिष्ट होता है।

  (ख) सरदी से बचने के लिए मैं गरम कपड़े पहनता हूँ, रजाई में सोता हूँ और गरम पेय जैसे अदरक की चाय या गरम दूध पीता हूँ।

  (ग) गरीबों की सहायता के लिए मैं उन्हें कपड़े, भोजन और शिक्षा जैसी सुविधाएँ देने की कोशिश करूँगा/करूँगी।

### लिखित

1. (क) बादशाह अकबर (ख) बीरबल

   (ग) बादशाह अकबर (घ) बादशाह अकबर

2. (क) *(i)* गरीबों की बस्ती (ख) *(iii)* गरीबों की समस्या से

3. (क) यहाँ पर गरीब लोगों की बात की गई है, जो महल में काम करते हैं और ठंड के कारण काँप रहे हैं।

   (ख) बीरबल ने खिचड़ी के द्वारा बादशाह अकबर को यह समझाया कि अगर महल की मशाल की गरमी नीचे खड़े लोगों तक पहुँच सकती है, तो ज़मीन पर लगी आग भी ऊँचाई पर टँगे खिचड़ी के बरतन तक पहुँच सकती।

4. (क) राजा की आँखों पर गरीबों की समस्या और उनकी ज़रूरतों के प्रति अनदेखी की पट्टी बँधी थी, जिसे बीरबल ने खिचड़ी के माध्यम से हटा दिया।

   (ख) बीरबल की खिचड़ी इसलिए नहीं बन पाई क्योंकि आग और बरतन के बीच बहुत दूरी थी, जिससे बरतन तक गरमी नहीं पहुँच पा रही थी।

## ❑ शब्दों की दुनिया

- खिचड़ी    स्वादिष्ट    मशाल    पकवान

## ❑ भाषा की बात

1. (क) बहुत दिनों से आप मेरे घर नहीं आए।

   (ख) बादशाह अकबर को तेज़ भूख लगी थी।

   (ग) आज की दावत बढ़िया थी।

2. बादशाह, बीरबल, खिचड़ी, मशाल, लोग, अकबर, महल, हुज़ूर, बरतन, आदमी, पेड़, पकवान

हलवा, अनेक सब्ज़ियाँ और मिठाइयाँ बनाई होंगी।

## ❑ संलग्न और पूछताछ



3



1



4



2

## ❑ संचार कौशल

इस श्रुतभाव ग्रहण सामग्री के प्रश्नों के उत्तर विद्यार्थी कक्षा में देंगे।

(क) राजा कृष्णदेवराय ने खरीदारी के लिए सोने के सिक्के दिए।

(ख) सोने के सिक्के ख़र्च करने से पहले राजा का चेहरा देखना आवश्यक है।

(ग) महल के बाहर राजा कृष्णदेवराय नहीं आए।

(घ) तेनालीराम ने राजा का चेहरा सोने के सिक्के में ही देखा।

Date

# 2. बीरबल की खिचड़ी

## पर्यायवाची शब्द

1. गरीब = निर्धन
2. मेहनत = परिश्रम, कष्ट, श्रम
3. घर = गृह, सदन, भवन
4. हाथ = हस्त, कर
5. अनोखी = निराली, अद्भुत
6. आग = अग्नि
7. जल = पानी, नीर
8. ज़मीन = पृथ्वी, धरती, भूमि
9. आँख = नेत्र, नयन
10. ज़रूरत = आवश्यकता,

## विलोम शब्द

1. एक x अनेक
2. सरदी x गरमी
3. मुसकाना x रोना
4. महल x झोपड़ी
5. ऊपर x नीचे
6. समझ x नासमझ
7. आनंद x दुख
8. आज x कल
9. थोड़ा x ज्यादा
10. तेज x धीरे
11. जमीन x आसमान
12. बढ़िया x खराब

## वचन बदलो

1. बस्ती - बस्तियाँ
2. मशाल - मशालें
3. सेवा - सेवाएँ
4. इशारा - इशारे
5. पट्टी - पट्टियाँ
6. घटना - घटनाएँ
7. दावत - दावतें